वेबसाईट: www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक: S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3,मार्बलआर्च, सेनापतीबापटमार्ग, माटुंगारोड (प.रे.), माहिम, मुंबई-400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866फैक्स :24313938 ई–मेल :abvpkendra@gmail.com

दि. 04 फरवरी 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट में शिक्षा के क्षेत्र में सुधारों हेतु प्रस्तावित योजनाओं का हार्दिक स्वागत: अभाविप

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा कौशल विकास को गति देने में सहायक होंगी आम बजट की घोषणाएं
शिक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को विस्तृत रूप से स्पष्ट करे सरकार
नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति अविलंब लागू हो : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, केंद्र सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण की दिशा में कदम उठाने का स्वागत करती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का यह स्पष्ट मत है कि भारत के शैक्षणिक संस्थानों की दशा और दिशा में तेजी से सुधार होने चाहिए तथा अलग-अलग पैमानों उदाहरणतः उच्च शिक्षा क्षेत्र में नामांकन, रोजगार, शोध आदि में तेजी से सुधार के लिए शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े सभी पक्षकारों को अपनी भूमिका अनुसार तेजी से कदम बढ़ाने के लिए प्रयास करने होंगे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यह आशा करती है कि केंद्र सरकार सरकारी शैक्षणिक संस्थानों को मजबूत बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाएगी , जिससे ये शैक्षणिक संस्थान , उच्च गुणवत्ता वाले अन्य निजी शैक्षणिक संस्थानों की तुलना में , उनसे बेहतर हो सकें। साथ ही प्रत्यक्ष विदेशी निवेश संबंधी योजना में यह सुनिश्चित करना होगा कि यह कदम शिक्षा में बेहतरीकरण के लिए लाभदायक सिद्ध हो और व्यवसायीकरण संबंधी हितों की पूर्ति के लिए शिक्षा क्षेत्र बिल्कुल न हो।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विद्यार्थियों की नियोजनियता में सुधार के लिए 150 उच्च शैक्षिक संस्थान अप्रेंटिसशिप एम्बेडड डिग्री/डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने, इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए इंटर्नशिप, गरीब छात्रों के लिए शीर्ष 100 शैक्षणिक संस्थानों में ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम तथा जिला अस्पतालों को पीपीपी मॉडल के तहत मेडिकल कॉलेजों से संलग्न करने के प्रस्ताव आदि कदमों का हार्दिक स्वागत करती है।

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय धरोहर एवं संरक्षण संस्थान जिसे मानद विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त होगा की स्थापना के प्रस्ताव का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हार्दिक स्वागत करती है, यह कदम निश्चित रूप से भारतीय संस्कृति के संरक्षण तथा उसकी वैज्ञानिक प्रमाणिकता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरकार से मांग करती है कि नेशनल पुलिस यूनिवर्सिटी तथा नेशनल फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी संबंधी पाठ्यचर्या, डिग्री तथा अन्य पहलुओं को शीघ्र स्पष्ट करे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरकार से यह मांग करती है कि अविलंब रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा की जाए।

S/d- निधि त्रिपाठी
राष्ट्रीय महामंत्री

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)